निरीक्षण

प्रज्ञा ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

नगर आयुक्त ने सफाई अभियान का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

शाहजहांपुर संवाददाता

महानगर के मोहल्ला बिजलीपुरा में आयोजित सफाई अभियान का नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए ।बता दें कि इन दिनों शहरी क्षेत्र में सफाई अभियान के अन्तर्गत नालियों की तलीझाड़ सफाई कराई कराई जा रही है। जिसके चलते हैं उन्होंने उक्त मोहल्ले में समस्त मार्गो एवं गलियों में सफाई व्यवस्था का मुआयना करते हुए खाली पड़े प्लाटो में एकत्रित कूड़े का निस्तारण कराया।

नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान टूटी नाली की बाड़ को तत्काल बनवाये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया एवं नालियों की तली झाड़ सफाई से निकली सिल्ट को तत्काल उठवाये जाने हेतु सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल को निर्देषित किया। उन्होंने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देषित किया कि वह यह सुनिष्चित करे कि खाली पड़े प्लाटों पर दोबारा कूड़ा एकत्रित न हों। उधर बिजलीपुरा में ही प्रज्ञा ग्रुप द्वारा आयोजित नशा विरूद्ध कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने उपस्थित नागरिको को नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कराई गई। इस मौके पर उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते पर जानी लगे तो निष्चित रूप से उनका भविष्य अंधकारमय में हो जाता है। आज देश का युवा वर्ग को जिन्दगी के हर पहलु को जीने की इच्छा होती है जिसके चलते युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझने लगता है। जबकि नशा मनुश्य के जीवन के लिये अत्यन्त घातक ही नहीं बल्कि इसका दुश्प्रभाव सम्बन्धित व्यक्ति के प परिवार पर भी पड़ता है। इस कार्यक्रम में अधिषासी अभियन्ता आशीष त्रिवेदी,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह एवं प्रज्ञा ग्रुप के संचालन संचालक पवन तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।